जल्द पूरा देश नक्सलवाद से मुक्त होगा

गृहमंत्री शाह ने झारखंड के हजारीबाग में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी कामयाबी बताया

नई दिल्ली 15 सितम्बर. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड के हजारीबाग में नक्सल विरोधी सफल अभियान को बड़ी कामयाबी बताते हुए सोमवार को कहा कि इस अभियान के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है और जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जायेगा.



शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आज झारखंड के हजारीबाग में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की जॉइंट टीम को एंटी नक्सल ऑपरेशन में बड़ी कामयाबी मिली है. इस अभियान में एक करोड़ रुपये का इनामी और कुख्यात नक्सली कमांडर सीसीएम सहदेव सोरेन उर्फ परवेश को ढ़ेर कर दिया गया है. साथ ही, दो अन्य इनामी नक्सलियों- रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल और बिरसेन गांझू उर्फ रामखेलावन को भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया. इस ऑपरेशन के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है. जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा. उल्लेखनीय है कि हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र के पनतीतरी जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) केन्द्रीय समिति के सदस्य और एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली कमांडर सहदेव सोरेन समेत तीन नक्सली मारे गये.

> सहदेव सोरेन लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था. हाल ही में झारखंड पुलिस ने उसके ऊपर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था. वह कई बड़ी नक्सली घटनाओं का मास्टरमाइंड रहा था, जिसके कारण पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां लगातार उसकी तलाश में थीं. झारखंड पुलिस के अधिकारियों ने इस अभियान को बड़ी सफलता करार दिया है. फिलहाल सुरक्षाबल इलाके में गहन तलाशी अभियान चला रहे हैं.

गाजा में इजरायली हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए

गाजा, 15 सितंबर. पश्चिमी गाजा में इजरायली हवाई हमले में कम से कम सात फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हुए हैं. चीन की समाचार समिति शिन्हुआ ने स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले बताया कि इजरायल ने रविवार को पश्चिमी गाजा में व्यापक हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम सात फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए. इजरायल ने हवाई हमलों के जरिये अल-कौथर टॉवर, मुहन्ना टॉवर की ऊपरी मंजिलें व बहुमंजिला आवासीय इमारतों सहित विस्थापित लोगों के लिए फलास्तीन शिविर को भी निशाना बनाया.

बीएचईएल को राजभाषा कीर्ति प्रथम पुरस्कार

नई दिल्ली, 15 सितंबर. बीएचईएल को राजभाषा के क्षेत्र में 'उत्कृष्ट कार्यान्वयन' एवं 'श्रेष्ठ हिन्दी गृह पत्रिका' के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है. ये पुरस्कार बीएचईएल के निदेशक कृष्ण कुमार ठाकुर ने 14 सितंबर को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित हिन्दी दिवस और 5वें अभा राजभाषा सम्मेलन के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से प्राप्त किए. उल्लेखनीय है कि बीएचईएल कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली को उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए 'क क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक उपक्रमों की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.

कश्मीर से दिल्ली के लिए चली पहली पार्सल ट्रेन

उपराज्यपाल ने दिखाई हरी झंडी

श्रीनगर 15 सितंबर. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कश्मीर से दिल्ली के लिए पहली समर्पित पार्सल ट्रेन को हरी झंडी दिखाई.

उपराज्यपाल ने आठ पार्सल वैन और 23 टन भार क्षमता वाली इस ट्रेन को कश्मीर घाटी के बडगाम रेलवे स्टेशन से दिल्ली के आदर्श नगर के लिए हरी झंडी दिखाई. इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह नयी मालगाड़ी सेवा केंद्र शासित प्रदेश के सेब उत्पादकों के लिए अपनी उपज देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है. उन्होंने घाटी में सेब उत्पादकों और व्यापारियों के लिए व्यापार एवं व्यवसाय के अवसरों के नए युग की शुरुआत करने के लिए पीएम का आभार जताया.

> उन्होंने कि इससे परिवहन समय में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा हजारों किसानों के लिए आय के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा. कार्यक्रम के बाद सिन्हा ने कहा भौगोलिक कारणों और भारी बारिश के कारण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग अक्सर बंद रहता है, जिससे जल्दी खराब होने वाले सामानों को भारी नुकसान होता है. रेलवे ने एक बेहतर परिवहन व्यवस्था शुरू की है. रेलवे अधिकारियों के अनुसार 16 सितंबर को बडगाम से दिल्ली के लिए चलने वाली दूसरी खेप भी पूरी तरह से बुक हो चुकी है.

पीएम मोदी के जन्मदिन पर मूकबधिर बच्चे करेंगे हवाई यात्रा

नई दिल्ली, 15 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर 15 मूक-बधिर बच्चे हवाई यात्रा करेंगे। पूर्वी दिल्ली के पूर्व महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल के प्रयास से पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा स्थित प्रमिला बाई मूक-बधिर स्कूल के 15 बच्चे और 3 शिक्षिकाएं हवाई जहाज से जयपुर जाएंगे. मोदी के 75वें जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही है. पूर्व महापौर ने सोमवार को बताया कि 16 सितंबर को स्कूल के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 15 होनहार मूक-बधिर छात्र-छात्राओं को हवाई जहाज से जयपुर ले जाया जाएगा.

एसआईटी ने वनतारा को दी क्लीन चिट

नई दिल्ली, 15 सितंबर. वनतारा मामले की जाँच कर रही सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एसआईटी ने गुजरात के जामनगर स्थित प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी है.

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि वनतारा में अनुपालन और नियमों की पालना के मुद्दे को लेकर एसआईटी संतुष्ट है. रिपोर्ट शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को दी गई थी और शीर्ष अदालत ने सोमवार को अवलोकन किया. कोर्ट ने वनतारा के खिलाफ कानूनों का पालन न करने और भारत तथा विदेशों से जानवरों, विशेष रूप से हाथियों के अधिग्रहण के आरोपों के मद्देनजर 25 अगस्त को एसआईटी के गठन का आदेश दिया था.

लगा था अनियमितताओं का आरोप

कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों और गैर-सरकारी संगठनों व वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था. 14 अगस्त को, शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता सी.आर. जया सुकिन द्वारा दायर याचिका को पूरी तरह से अस्पष्ट बताया.

थानों में सीसीटीवी की कमी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली. उच्चतम न्यायालय ने पुलिस हिरासत में कथित मौतों के मद्देनजर देश भर के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी से संबंधित स्वत: संज्ञान मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद सोमवार को फैसला सुरक्षित रखा लिया. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया. पीठ ने मामले को 22 सितंबर के लिए स्थगित कर कहा, आदेश सुरक्षित. सोमवार को आदेश के लिए सूचीबद्ध करें. शीर्ष अदालत में 8 माह के दौरान कथित पुलिस हिरासत में 11 लोगों की मृत्यु से संबंधित एक खबर के आधार पर यह स्वत: संज्ञान लिया था.

देवव्रत ने ली महाराष्ट्र के राज्यपाल पद की शपथ

मुंबई, 15 सितंबर. गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सोमवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली. बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर ने देवव्रत को राजभवन के दरबार हॉल में पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी. देवव्रत ने संस्कृत में शपथ ली. समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. गौरतलब है कि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति बनने के बाद 11 सितंबर को इस्तीफा दे दिया था. इसके बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

लखनऊ को मिली हेल्थकेयर की बड़ी सौगात

▶ सीएम योगी ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नया इतिहास रचा

लखनऊ, 15 सितंबर. राजधानी में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा गया.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अत्याधुनिक Advanced Neuro Sciences Center का उद्घाटन किया. यह सुपरस्पेशलिटी केंद्र न केवल प्रदेश बल्कि पूरे उत्तर भारत में मील का पत्थर साबित होगा. इस केंद्र को करीब 100 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है. इसमें 200 बेड होंगे. 100 न्यूरोलॉजी और 100 न्यूरोसर्जरी मरीजों के लिए. 60 बेड की अलग से व्यवस्था की गई है, जिससे गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके. सबसे खास है यहां स्थापित रोबोटिक सर्जिकल मशीन, जिसके जरिए जटिल ब्रेन और स्पाइन सर्जरी भी अत्याधुनिक तकनीक से संभव हो पाएगी. केंद्र में प्रदेश की पहली गामा केफिन मशीन भी स्थापित की जा रही है.

> सीएम योगी का संदेश, स्वस्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री ने उद्घाटन अवसर पर कहा, आज का दिन प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है. नागरिकों को सस्ती और आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है. हमें गर्व है कि लखनऊ का यह संस्थान अब विश्वस्तरीय न्यूरो-साइंसेस सुविधाओं से लैस हो गया है. स्वस्थ प्रदेश ही विकसित प्रदेश बन सकता है और यह केंद्र उसी दिशा में एक बड़ा कदम है. गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का समय पर इलाज मिलेगा. दिल्ली या बाहर बड़े खर्च में जाने की जरूरत कम होगी. प्रदेश के ही डॉक्टरों और विशेषज्ञों को उन्नत तकनीक पर प्रशिक्षण मिलेगा. हजारों मरीजों और उनके परिवारों का बोझ हल्का होगा.

कोरिया ने अफ्रीकी स्वाइन फीवर के केस सामने आने के बाद अलर्ट

सोल, 15 सितंबर. दक्षिण कोरिया ने अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) के मामले सामने आने के बाद क्वारंटीन अलर्ट जारी कर दिया है.

गृह और सुरक्षा मंत्रालय के मुताबिक एएसएफ का मामला रविवार रात ग्योंगगी प्रांत के योनचियोन काउंटी में एक सुअर फार्म में सामने आया. इस साल का यह पांचवा मामला है. इससे पहले जुलाई में भी एक मामला सामने आया था. क्वारंटीन अधिकारियों ने देश भर में रेड अलर्ट जारी कर दिया है और योनचियोन और आसपास के क्षेत्रों में सुअर फार्मों और संबंधित सुविधाओं की गतिविधियों पर 48 घंटे की रोक लगायी है.

मुंबई और पुणे में भारी बारिश से जलभराव

▶ निचले इलाकों में घुसा पानी जनजीवन अस्त-व्यस्त

मुंबई, 15 सितंबर (वार्ता) महाराष्ट्र में मुंबई और पुणे सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में सोमवार को भारी बारिश के कारण मुंबई के निचले इलाकों में जलभराव हो गया है, जिससे यातायात और दैनिक जीवन अस्त व्यस्त हो गया.

मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया दक्षिण-पश्चिम मानसून आखिरकार राजस्थान से वापसी कर रहा है. आईएमडी ने चेतावनी दी है कि आने वाले घंटों में मुंबई में गरज के साथ बारिश बढ़ने की संभावना है. लंबे अंतराल के बाद मुंबई के आस पास रविवार रात से बारिश ने जोरदार वापसी की है. पुणे, उसके उपनगरों और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भारी बारिश हुई है. सड़कें नदियों जैसी हो गई हैं और कई घरों में पानी घुस गया. प्रशासन राहत अभियान चला रहा है और नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में लगा है. कुछ इलाकों में थोड़ी राहत मिली है, लेकिन आईएमडी ने पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है. भारी बारिश के चलते पुणे के कई स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है.

एक नजर में

हवाई हमले में यमन के 26 मीडियाकर्मी मारे गए

सना, 15 सितंबर. यमन की राजधानी सना में इजरायल के हवाई हमले में मारे गये 46 लोगों में से 26 लोग स्थानीय मीडिया संस्थान के कर्मचारी थे. यमन के हूती समूह ने रविवार की इसकी जानकारी दी. एक बयान में हूती समूह ने कहा कि हमले में मध्य सना में तहरीर चौक पर स्थित दो समाचार पत्रों- 26 सितंबर और अल-येमन के कार्यालय ध्वस्त हो गये. उन्होंने कहा कि इस हमले से उनका मीडिया संचालन कमजोर नहीं होगा. हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि हमले में 165 लोग घायल हुये जिनमें महिला और बच्चे शामिल हैं. हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने क्षतिग्रस्त आवासीय इमारतें और मलबे में खोजबीन कर रहे बचावकर्मियों का फुटेज जारी किया.

तकनीकी खराबी के कारण मुंबई मोनोरेल रूकी

मुंबई, 15 सितंबर. मुंबई की मोनोरेल सेवा सोमवार की सुबह वडाला के पास तकनीकी खराबी के कारण रुक गयी, हालांकि उसमें सवार 17 यात्रियों को बचा लिया गया. एक महीने के भीतर यह दूसरी घटना है. मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि गाडगे महाराज स्टेशन से चेंबूर जाते समय मुकुंदराव अंबेडकर रोड जंक्शन के पास आज सुबह करीब सात बजे मोनोरेल में तकनीकी खराबी आ गयी. मोनोरेल की तकनीकी टीम ने मुंबई के दमकल विभाग को सूचित किया और एक विशेष वाहन को मौके पर भेजा. जब तक वे पहुंचे, तकनीकी कर्मचारियों ने सभी 17 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया था. एक अग्निशमन अधिकारी ने कहा, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, और ट्रेन को कपलिंग के माध्यम से वडाला ले जाया जा रहा है.

मणिपुर में फिर हिंसा, कुकी नेता का घर जलाया

मणिपुर 15 सितंबर. मणिपुर एक बार फिर जातीय हिंसा की चपेट में है. चुराचांदपुर जिले में कुकी समुदाय के प्रमुख नेताओं पर हुए हमलों ने न सिर्फ राज्य की नाजुक शांति व्यवस्था को हिला दिया है, बल्कि हाल ही में हुए शांति समझौतों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं. नेशनल हाईवे-2 को लेकर फैले भ्रम ने हालात को और जटिल बना दिया है. मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में रविवार देर रात उस वक्त फिर से तनाव भड़क उठा, जब एक भीड़ ने कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) के प्रमुख नेता कैल्विन ऐकेंथांग के घर को आग के हवाले कर दिया. हालांकि, कुछ स्थानीय लोगों का दावा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, लेकिन मौके पर जमा भीड़ और माहौल को देखते हुए संदेह

दोहा में मुस्लिम देशों ने इजरायल को घेरा

अरब-इस्लामी समिट में इजरायल पर चर्चा तेज

कतर को मिला इस्लामी देशों का समर्थन

दोहा, कतर. 15 सितंबर. कतर पर हुए इजरायली हमले ने मुस्लिम दुनिया में भूचाल ला दिया है.

अब जवाब देने की तैयारी है राजनीतिक, कूटनीतिक और रणनीतिक. दोहा में इकट्ठा हो रहे हैं 50 से ज्यादा इस्लामी देश, ताकि दिखाया जा सके कि इस बार एक हमला, सब पर हमला माना जाएगा. पिछले सप्ताह कतर की राजधानी दोहा में इजरायल द्वारा हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले के बाद पूरी मुस्लिम दुनिया में आक्रोश फैल गया है. इसी पृष्ठभूमि में सोमवार को दोहा में आपात अरब-इस्लामी शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 50 से अधिक मुस्लिम देशों के नेता हिस्सा ले रहे हैं. इस बैठक की मेजबानी कर रहे कतर ने स्पष्ट कर दिया है कि अब इजरायल के अत्याचारों पर चुप्पी नहीं रहेगी. कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी ने कहा, इजरायल ने सभी सीमाएं लांघ दी हैं.

> सम्मेलन में (इस्लामिक सहयोग संगठन) के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों, मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी कतर को बड़ा समर्थन देने के संकेत दे रही है. अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गेत ने कहा, कतर अकेला नहीं है. पूरी इस्लामी दुनिया उसके साथ खड़ी है. इस बैठक से पहले रविवार को मुस्लिम देशों के विदेश मंत्रियों की एक तैयारी बैठक हुई थी, जिसमें इजरायल के खिलाफ कड़े प्रस्तावों पर सहमति बनी. पाकिस्तान के डिप्टी प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने सात-सूत्रीय प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि अब वक्त है ठोस कार्यवाही का.

आज का इतिहास

1783 जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया।
1830 चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
1834 पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ।
1870 अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई।
1911 भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पन्नालाल घोष का जन्म।
1937 प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता मनोज कुमार का जन्म।
1944 300 लड़ाकू विमानों ने जर्मनी पर बम गिराए।
1945 बंगलोर स्थित विप्रो कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष अज़ीम प्रेमजी का जन्म।

एम. विस्वेश्वरैया की नवाचार और समर्पण प्रेरणास्त्रोत

नई दिल्ली, 15 सितंबर. देश में इंजीनियर्स डे के अवसर पर दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने यह संदेश भारत के महान अभियंता और भारत रत्न सर एम. विस्वेश्वरैया की 164वीं जयंती पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया. केजरीवाल ने अपने संदेश में लिखा- एम. विस्वेश्वरैया की नवाचार, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की विरासत आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है. उन्होंने उम्मीद जताई कि देश के इंजीनियर इस विरासत से प्रेरणा लेकर एक उज्जवल और सतत भविष्य के निर्माण में योगदान देते रहेंगे.

डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश)
(एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)
रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रण सूचना

ईओआई संख्याः R/IWD/2025/95

कार्य का नामः केंद्रीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों)/राज्य/केंद्र सरकार के विभागों से सामान्य वित्तीय विनियमन (GFR) 2017 के नियम 133(3) के अंतर्गत परियोजना प्रबंधन सलाहकार (PMC) की नियुक्ति हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों के लिएः (i) इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए भवन निर्माण, (ii) होटल प्रबंधन एवं खानपान, आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान और प्रबंधन अध्ययन एवं वाणिज्य संकाय के लिए एकीकृत भवन का निर्माण, (iii) 1000 सीटों वाले बालिका छात्रावास का निर्माण, (iv) 1000 सीटों वाले बालक छात्रावास का निर्माण, (v) स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण, (vii) परीक्षा सह कंप्यूटर लैब/आईटी सेल/ऑनलाइन का निर्माण। केंद्र, (viii) डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में बहुउद्देशीय सम्मेलन केंद्र का निर्माण। विवरण www.dhsgsu.edu.in या www.eprocure.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

CBC 21273/12/0004/2526 कुलसचिव (कार्य.)

हिंदू धर्म ने सम्मान नहीं दिया

कलबुर्गी 15 सितंबर. कांग्रेस के नेता चुनाव से पहले सेल्फगोल करने के लिए जाने जाते हैं. इस कड़ी में अब नया नाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे का जुड़ गया है. कर्नाटक के कलबुर्गी में प्रियांक खरगे ने कहा, 'सिख धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और लिंगायत धर्म सभी भारत में एक अलग धर्म के रूप में पैदा हुए, क्योंकि हिंदू धर्म ने समाज के कुछ वर्गों को 'गरिमापूर्ण स्थान' नहीं दिया.' बीजेपी नेता इसे मुद्दा बना रहे हैं और कांग्रेस की नीयत पर ही सवाल उठा रहे हैं. इसे बिहार चुनाव से भी जोड़ा जा रहा है. तो क्या बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस के एक और नेता ने सेल्फ गोल कर दिया. बात सिर्फ खरगे की नहीं है, एक दिन पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हिंदू समाज में असमानता और जातिवाद पर टिप्पणी की थी, जिसे बीजेपी ने हिन्दू धर्म को अपमानित करने का मुद्दा बना लिया था. राज्य बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और एमएलसी सीटी रवि ने कहा था कि ऐसे बयान देकर राज्य सरकार धर्मांतरण को बढ़ावा दे रही है.

मॉयल लिमिटेड (पूर्व में मैंगनीज ओर इंडिया लि.)
(भारत सरकार का उपक्रम)
मॉयल भवन, 1A, काटोल रोड, नागपुर- 440013
CIN:L99999MH1962GOI012398

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

क्रम सं	विवरण और कार्य स्थान	ई-निविदा सं.
1.	मध्य प्रदेश राज्य (उकवा खान और बालाघाट खान) और महाराष्ट्र राज्य (चिकला खान, मनसर खान और गुमगांव खान) में स्थित मॉयल की भूमिगत खदानों के संचालन के लिए एमडीओ (खान डेवलपर सह ऑपरेटर) की नियुक्ति करके इसके संचालन को आउटसोर्स करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)।	EOI - 1: I/C of Dept: श्री विकास रंजन परिदा, vrparida@moil.nic.in, 7709042638 एवं श्री राजेश भट्टाचार्य, rbhattacharya@moil.nic.in
2.	मॉयल के फेरो-मिश्र धातु संयंत्र को निजी पार्टी द्वारा संचालित करने के लिए इसके संचालन को आउटसोर्स करने के लिए सक्षम बोलीदाताओं से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)।	EOI - 2: I/C of Dept: श्री डी वी वी गिरि, dvvgiri@gmail.com, 8966006646

निविदा दस्तावेज और ई-निविदा की अनुसूची के विवरण के लिए वेबसाइट http://www.moil.nic.in और http://eprocure.gov.in पर जाएं। यदि कोई शुद्धिपत्र होगा तो उसे केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

● इस्पात को शक्तिशाली बनाए ● (हर एक काम देश के नाम)

संयुक्त जी.एम. (खान)
मॉयल लिमिटेड

CENTRUM Home Loans Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट एवं रजिस्टर्ड ऑफिस: यूनिट नं. 801, सेन्ट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई- 400098,
CIN No. U65922MH2016PLC273826

कब्ज़ा नोटिस
(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) और नियम 8(2) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संविदात्मक ब्याज, दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि सहित बकाया राशि चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया जाता है. ऋणी द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित, नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है. ऋणी विशेष रूप से और आम जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे इस संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा उस पर संविदात्मक ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि सहित राशि के प्रभार के अधीन होगा. ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है.

स. क्र.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम/लोन खाता नं./शाखा	सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति)	डिमांड नोटिस की तिथि और कुल असाधारण बकाया रुपए	कब्जा ली गई तारीख
1.	JLRJL18001522 श्री शेख आबिद श्री शेख अजमेरी के पुत्र और श्रीमती समीना बी, श्री शेख आबिद की पत्नी	अचल संपत्ति के अधिकार, टुकड़े और पार्सल में - खसरा संख्या 115/3 वाली भूमि, जिसका क्षेत्रफल 1300 वर्ग फुट है कुदवारी में स्थित, प्लॉट संख्या 16, ग्राम-कुदवारी पुराना (अब नगर निगम) तहसील - पनागर, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482002 और इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व - खुली रायकवार की कृषि भूमि पश्चिम - सड़क उत्तर - मकान मकसूद अहमद दक्षिण - जैन का प्लॉट.	19-07-2021 रु. 12,86,606/- (रुपये बारह लाख छियासी हजार छह सौ छह मात्र)	11-9-2025

दिनांक: 16.9.2025, स्थान: मध्यप्रदेश

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड